श्री बंशीधर नगर, शुक्रवार
03.05.2024
वैशाख कृष्णपक्ष दशमी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 247

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:19 बजे
अस्त - 06:26 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 40 डिग्री से.
न्यूनतम : 22 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

माओवादियों ने वोट बहिष्कार का किया ऐलान ›› पेज 03 | सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें ›› पेज 04

## सुविचार

सच बोलने वालों की बातें तीखी और कड़वी जरूर होती हैं, लेकिन उन लोगों से कभी डरना नहीं चाहिए, क्योंकि वह कभी धोखा नहीं देते!

## न्यूज अपडेट्स

### हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रीट पर फैसला आज

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाएगा। हाई कोर्ट ने 28 फरवरी को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। हेमंत सोरेन का कहना था कि उनके खिलाफ जो मामला दर्ज किया गया है, वह मनी लॉन्ड्रिंग का नहीं है, जिस जमीन की बात ईडी कह रहा है वह जमीन उनके नाम कभी रहा ही नहीं। आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला नहीं सुनाए जाने के खिलाफ हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की है।

### हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत अवधि बढ़ायी गयी

**रांची।** बड़गाई अंचल की जमीन घोटाले मामले के आरोपित जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, निलंबित उप राजस्वकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में हुई। गुरुवार को कोर्ट ने तीनों की न्यायिक हिरासत की अवधि 16 मई तक के लिए बढ़ा दी है। मामले में अगली पेशी 16 मई को होगी। मामले को लेकर ईडी ने ईसीआईआर 6/2023 दर्ज किया है। मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन सहित पांच के खिलाफ ईडी आरोप पत्र भी दाखिल कर चुकी है । ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात गिरफ्तार किया गया था। मामले में ईडी ने अफसर अली, अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद को भी गिरफ्तार कर रिमांड पर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है।

## राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, हवाई अड्डे से बिरसा चौक तक बैरिकेडिंग

# पीएम मोदी आज व कल झारखंड में

**रांची।** लोकसभा चुनाव में भाजपानीत गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी सभाएं करेंगे। पहले चरण में प्रधानमंत्री 3 मई को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। प्रधानमंत्री यहां 3 और 4 मई को तीन जनसभाएं करेंगे।

तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 मई को 5 बजे चाईबासा में भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा के बाद मोदी रांची पहुंचेंगे और राजभवन में विश्राम करेंगे और फिर अगले दिन पलामू के लिए रवाना हो जाएंगे। मोदी शनिवार 4 मई को पलामू लोकसभा सीट से उम्मीदवार भाजपा उम्मीदवार विष्णु दयाल राम के पक्ष में मेदिनीनगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद उसी दिन दोपहर 12:45 से लोहरदगा के सिसई में जनसभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दौरान प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये हैं। इसके लिए एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक के रास्ते में बैरिकेडिंग की गई है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस और केंद्रीय बल के जवान तैनात रहेंगे।



इस संबंध में गुरुवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने विस्थापित भवन धुर्वा में विधि-व्यवस्था की ड्यूटी के लिए पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में रांची आईजी अखिलेश झा, आईजी पंकज कंबोज, डीआईजी अनूप बिरथरे, एसएसपी चंदन सिन्हा, एसटीएफ एसपी प्रियदर्शी आलोक और एटीएस ऋषभ झा समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मोदी रांची में आज शाम चार बजे करेंगे रोड शो

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार देर शाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रांची आगमन पर स्वागत की तैयारी पर चर्चा हुई।



बाद में पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दो दिवसीय झारखंड दौरे पर तीन मई को शाम चार बजे रांची पहुंचेंगे। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से वे राजभवन जायेंगे। उन्होंने बताया कि बिरसा मुंडा राजपथ पर पूरे रास्ते, जिसमें हिनू चौक, बिरसा चौक, डीपीएस चौक अरगोड़ा चौक, भाजपा प्रदेश कार्यालय, हरमू चौक, सहजानंद चौक, कार्तिक उरांव चौक पर लोग प्रधानमंत्री का स्वागत हजारों की संख्या में कतारबद्ध होकर करेंगे। भारत माता चौक से बाल्मिकी नगर, किशोरगंज चौक, गाड़ी खाना चौक, मारवाड़ी भवन गौशाला, गिरधर प्लाजा, रातु रोड चौक तक प्रधानमंत्री जी रोड शो करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, समरी लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, सीमा पासवान, संजीव विजयवर्गीय, रमेश सिंह, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाह देव, रमाकांत महतो, राफिया नाज, अशोक बड़ाइक, राहुल अवस्थी और सुबोध सिंह गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

## बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन क्षेत्र में नो ड्रोन जोन घोषित

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय झारखंड दौरे पर शुक्रवार को रांची आ रहे हैं। इसी कड़ी में तीन और चार मई को रांची में प्रस्तावित कार्यक्रम में झारखंड आगमन एवं भ्रमण तथा राजभवन ने रात्रि विश्राम शामिल है। जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को लेकर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन क्षेत्र में नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने गुरुवार को जारी आदेश में ड्रोन रूल 2021 और डिजिटल स्काई पोर्टल केडी के तहत रांची में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है।



इसके तहत बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से हिनू चौक से बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से हरमू चौक से सहजानंद चौक से किशोरगंज चौक से न्यू मार्केट चौक से एलपीएन-शाहदेव चौक (हॉट लिप्स चौक) से राजभवन के 500 मीटर की परिधि को ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और गर्म हवा के गुब्बारे को उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह निषेधाज्ञा तीन मई को सुबह पांच बजे से चार मई की रात 11 बजे तक लागू रहेगी।

## रांची में कार-बाइक की टक्कर, होमगार्ड, पत्नी और दो बच्चों की मौत, परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक


**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में कार-बाइक की टक्कर में होमगार्ड जवान पंकज कुमार , उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। हादसे में घायल इस परिवार के आखिरी चिराग की हालत नाजुक है। यह हादसा बुधवार रात खलारी थानान्तर्गत भेलवाटांड़ में हुआ है। सड़क हादसे में हताहत इस परिवार के पांचों सदस्य बाइक पर थे। खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने इसकी पुष्टि की है।



डीएसपी चौधरी ने बताया कि पंकज चतरा जिले में तैनात थे। हादसे में पंकज, उसकी पत्नी गुड़िया देवी, पुत्र राजदीप और बेटी सलोनी की मौत हो गई। इस हादसे में घायल उनके पुत्र दीपराज का इलाज रांची के रिम्स अस्पताल में चल रहा है। होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के अनुसार, हादसे का शिकार हुए होमगार्ड जवान के घायल बेटे की स्थिति भी बेहद खराब है। पंकज कुमार चतरा के टंडवा सीडीपीओ के यहां ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार देररात टंडवा से ही रांची लौट रहे थे। तभी यह हादसा हुआ।

## माओवादियों ने चार प्रखंडों में लोस चुनाव बहिष्कार के लगाये पोस्टर

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में लोकसभा चुनाव 13 मई में को है, लेकिन उससे पहले ही प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के जरिये चुनाव बहिष्कार को लेकर पोस्टरबाजी की जा रही है। जिले के चार प्रखंड क्षेत्र में माओवादियों की ओर से चुनाव बहिष्कार को लेकर बुधवार रात पोस्टरबाजी की गई है। इन पोस्टरों के माध्यम से आम जनता को कई तरह की जानकारी दी गई है और व्यवस्था पर सवाल उठाया गया है। सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह पुलिस ने सभी जगह से पोस्टर हटा दिया है। एक साथ चार प्रखंड क्षेत्र में पोस्टर लगाए जाने से ग्रामीणों में वोटिंग को लेकर दहशत का माहौल है। माओवादियों की ओर से जिले के हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज और पांडू प्रखंड क्षेत्र में कई जगहों पर पोस्टरबाजी की गई है, जिन इलाकों में पोस्टर लगाए गए हैं वह क्षेत्र काफी सुदूरवर्ती हैं और नक्सलियों का कभी इन इलाकों में गहरा प्रभाव रहा था। सारे प्रखंड क्षेत्र एक दूसरे से सटे हुए हैं। ऐसे में माओवादियों को इन इलाकों में पोस्टरबाजी करने में आसानी हुई। माओवादियों की ओर से हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के बरेवा आंगनबाड़ी केंद्र और पैक्स गोदाम पर पोस्टर लगाया गया। इसी तरह भदुवा, लोहरपुरा स्कूल भवन पर पोस्टर लगा मिला है। पांडू प्रखंड क्षेत्र में भी पोस्टरबाजी की गई। हुसैनाबाद के महुदंड, मोहम्मदगंज के माहुर आदि क्षेत्रों में भी पोस्टर लगा मिला है। यह सारे इलाके 20 किलोमीटर एरिया में है। छह से अधिक जगह पर पोस्टरबाजी की गई है। सूचना मिलने पर पुलिस सारे जगह से पोस्टर हटाते हुए कार्रवाई में जुटी हुई है। ग्रामीणों को भरोसा दिलाया जा रहा है कि पुलिस उन्हें सुरक्षा देने में सक्षम है और पोस्टर बाजी से वह भयभीत न हो। कुछ जगहों पर पोस्टर लगा देखकर ग्रामीणों के द्वारा जानकारी दी गई।



### क्या लिखा है पोस्टर में

माओवादियों के जरिये लगाए गए हस्तलिखित पोस्टर में 18 वीं लोकसभा चुनाव को बहिष्कार करने, जनता की नई जनवादी राज कायम करने, वोट के जरिए केवल सरकार का रंग बदलता है। शोषण और शासन बंद नहीं होता है। चुनाव के जरिए सरकार बदलकर जनता की एक भी बुनियादी समस्या का हल नहीं होता है। ब्राह्मणीय-हिंदुत्व- फासीवाद राज को ध्वस्त करो, जनता की जनवादी राज स्थापित करो, जल, जंगल, जमीन पर अपना हक कायम करना है तो मजदूर किसानों का अपना राज बनाना होगा।

## चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका काफी व्यापक

# चुनावी मैदान का अखाड़ा बना सोशल मीडिया

**खूंटी।** समय के साथ ही लोकसभा चुनाव के प्रचार का तरीका भी बदलता जा रहा है। अब प्रत्यक्ष चुनाव प्रचार और जनसंपर्क के अलावा इस संसदीय चुनाव में सोशल मीडिया बड़ी भूमिका निभा रहा है। पर्दे के पीछे का यह चुनाव प्रचार काफी महत्वपूर्ण हो गया है। सही मायने में चुनाव प्रचार में सोशल मीडिया की भूमिका काफी व्यापक हो गई है। लगभग सभी राजनीतिक दलों और स्वतंत्र उम्मीदवारों ने चुनाव में जीत हासिल करने और मतदाताओं को रिझाने के लिए मीडिया वार रूम बना रखा है। विपक्षियों की कमजोरियों को उजगर करने, चुनाव प्रचार को धार देने और अपने उम्मीदवार की छवि निखारने में सोशल मीडिया महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उम्मीदवारों के चुनावी दौरे, सभा, बड़े नेताओं के भाषण और स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया जाता है। इसमें भी आचार संहिता का खास खयाल रखा जाता है। सोशल मीडिया पोस्ट नजर रखने के लिए लगभग सभी बड़े राजनीतिक दल कानून के जानकारों की सलाह लेते हैं।



भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पिछले कई चुनावों पर पैनी नजर रखने वाले संतोष जयसवाल कहते हैं कि सोशल मीडिया कई तरह की जानकारियों का घर बन गया है। उनका कहना है कि पहले अखबार, टीवी, रेडियो थे, पर आज सोशल मीडिया इन सबसे काफी आगे निकल गया है। सही मायने में आजकल चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लड़े जाते हैं। फेसबुक, ट्विटर, वाटसएप, इंस्टाग्राम, यू ट्यूब, एक्स जैसे कई मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग इस चुनाव में बेधड़क किया जा रहा है।

### सभी दलों के अपने-अपने पेज

चुनावों में सोशल मीडिया की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। सोशल मीडिया पर प्रोमोट करने के लिए उम्मीदवार और राजनीतिक दल जमकर पैसे खर्च कर रहे हैं। कई राजनीतिक दलों ने तो सोशल मीडिया के लिए एजेंसियों को भी हायर कर रखा है, जो चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। सोशल मीडिया के जानकार चंदन कुमार कहते हैं कि इस बार बैनर-पोस्टर लगे चुनाव प्रचार वाहनों के काफिले नजर नहीं आ रहे हैं। छोटे नेताओं की चुनावी सभाओं में भी अपेक्षाकृत कम भीड़ उमड़ रही है।

# सरकारी हैंडपंप में समरसेबल लगा किया जा रहा है निजी उपयोग



बंशीधर न्यूज

**डंडई :** इस भीषण गर्मी में जहां लोग एक-एक बूंद पानी के लिये तरस रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे हैं कि सरकारी संसाधनों को भी नहीं छोड़ रहे हैं और उसे अपने निजी उपयोग में ला रहे हैं। जिसके कारण वास्तविक जरूरतमंदों को विभाग द्वारा लगाये गये संसाधनों का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दबंगों की मनमानी तो यहां तक हो चली है कि उनके द्वारा सरकारी सम्पत्ति को अपनी निजी सम्पत्ति मान लिया जाता है और उसका जमकर दुरुपयोग किया जाता है। ऐसा ही एक मामला डंडई प्रखंड के सोनेहरा गांव से आया है। यहां एक सरकारी हैंडपंप में समरसेबल लगाकर सिंचाई करने का काम किया जा रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। बाजार टोला निवासी रेयाज अंसारी, नजबुन बीबी, हेमा देवी, अनीता देवी, संतोष साह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि टोला में पीएचईडी विभाग के द्वारा पांच वर्ष पूर्व हैंडपंप लगाया गया है। जिससे टोले के करीब 20 घरों के लोग अपनी प्यास बुझाते हैं। लेकिन सुजाहुदीन अंसारी के द्वारा पिछले करीब दस माह से जबरन हैंडपंप के मुड़ी को निकाल कर समरसेबल लगा दिया गया और उससे कृषि कार्य के साथ-साथ अपने निजी कार्य किया है। जिससे इन दिनों ग्रामीणों को पीने का पानी को लेकर दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सरकारी हैंडपंप में समरसेबल लगाने की सूचना पीएचईडी विभाग को दी गई है। इसके बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

## न्यूज अपडेट्स

### सनकी पति ने की चाकू से मारकर पत्नी की हत्या

**धुरकी :** धुरकी थाना क्षेत्र के मिरचैया गांव में सनकी पति के द्वारा चाकू से मारकर पत्नी की हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में बताया जाता है की मृतिका पवीत्री देवी ऊर्फ फुलकुमारी देवी (45 वर्ष) अपने मायके धुरकी थाना क्षेत्र के मिरचैया गांव पिछले डेढ़ महीना पहले आई हुई थी। वहीं उसका पति मंगरू भुईयां भी बुधवार को अपने ससुराल आया हुआ था। पति पत्नी के बीच किसी बात को बुधवार की रात्रि में झगड़ा हुई थी। पति ने रात्रि में ही अपनी पत्नी के ऊपर चाकू से हमला कर दिया। हमला के बाद उसकी पत्नी की मौत हो गई। जब हमला करते वक्त इसका विरोध मृतिका के भाई बबलू भुईयां ने किया तो मृतिका के पति उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल हालत में मृतिका के भाई को परिजनों व गांव के आस पास के ग्रामीणों ने अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है की दोनों पति पत्नी में पिछले कई दिनों से किसी बात को लेकर विवाद हो रहा था, जिससे वह पिछले डेढ़ से दो महिने से अपने मायके में आकर रह रही थी। सनकी पति ने अपने ससुराल आकर ऐसी घटना को अंजाम दिया। उधर इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है मामले की छानबीन की जा रही है।

## चुनाव ▶ पांकी के हर बूथ से कमल खिलेगा : मेहता

# कांग्रेस मुक्त भारत बनायेगी चतरा सीट : केशव प्र. मौर्य

बंशीधर न्यूज

**नीलांबर पीतांबरपुर :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि चतरा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी मुक्त भारत बनने का काम करेगा। श्री मौर्या गुरुवार को नीलांबर पीतांबरपुर में चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था जो जनता तक 15 पैसा पहुंचता था। भाजपा की मोदी सरकार बनी तो 35 लाख करोड़ रुपये भेजा गया और सभी जनता के खाते में पहुंचा। उत्तर प्रदेश से हम 80 का 80 सीट जीत रहे हैं। झारखंड से भी 14 का 14 सीट भाजपा के खाते में जाने वाली है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने पहले बाहर से भेजा



उसे भी आपने राज तिलक लगाकर मोदी जी के हाथ को मजबूत किया। इस बार आप ही के मिट्टी के लाल को पार्टी नेतृत्व ने टिकट दिया है। इसलिये इस बार लंबा राज तिलक लगाकर कालीचरण जी को दिल्ली भेजने का काम करें। पांकी विधायक डा कुशवाहा शशी भूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के हर बुथ से कमल खिलेगा। 400 पर के माला में एक फूल चतरा से भी होगा यह विश्वास दिलाता हूं। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। कार्यक्रम में सारठ विधायक रणधीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित कुमार तिवारी, प्रेम सिंह, राजधानी यादव, उदय शुक्ला, लवली गुप्ता, मंजू लता, जितेन्द्र तिवारी, अजीत प्रसाद गुप्ता, शत्रुघ्न सिंह, अरविन्द यादव, लाला यादव, बच्चन ठाकुर, विजय पाठक, सुनील पासवान समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की

**विश्रामपुर :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के झारखंड प्रदेश प्रभारी अरुण कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपने समाज के लोगों से पलामू लोकसभा सीट से बीजेपी के उम्मीदवार वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रदेश प्रभारी श्री शर्मा ने कहा है कि वर्तमान में देश की जो परिस्थितियां है उस परिपेक्ष्य में नरेंद्र मोदी को फिर से भारत का प्रधानमंत्री बनाना ही एक मात्र विकल्प है। उन्होंने लोंगों से अपील करते हुये कहा कि भारत की एकता, अखण्डता व सर्वांगीण विकास के लिये देश में एक सशक्त सरकार की जरूरत है। पिछले 10 वर्षों के शासनकाल में केंद्र में भाजपा नीत सरकार ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कई उल्लेखनीय कार्य कर इतिहास रच दिया है।

### शॉर्ट सर्किट से दुकान एवं घर में लगी आग, सामान जलकर खाक



**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के खरसोता में गुरुवार की दोपहर में सकेंद्र प्रसाद के घर में आग लगने से दुकान एवं घर का लाखों का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की खबर सुनते सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे। वहीं आग बुझाने का काम राकेश पासवान, अरविंद प्रसाद, धीरज विश्वकर्मा, राजेंद्र चौधरी, अखिलेश विश्वकर्मा, जितेंद्र प्रसाद, शिवकुमार चौधरी, नीरज पासवान, राहुल विश्वकर्मा, राम इकबाल पासवान, पप्पू प्रसाद, नीतीश प्रसाद एवं अरविन्द चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर आग पर काबू पाया। वहीं लगभग आग बुझ चुकी थी उसके घंटों बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और बचे शेष आग को बुझाया। जानकारी के अनुसार एक ही घर में चार भाई उमेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, प्रेम शंकर प्रसाद एवं सकेंद्र प्रसाद रहते हैं। घर में आग लगने से सकेंद्र प्रसाद के घर में रखे किराना दुकान का सामान और घर के अंदर रखे घरेलू सामान और कपड़ा जल गया। जिसमें लाखों रुपये का किराना सामान और लाखों रुपये का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। इस संबंध परिजन एवं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है।

### जायन्ट्स ने दिहाड़ी मजदूरों के बीच बांटा वस्त्र



**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के मुख्य पथ स्थित सत्यम बैग हाउस के समीप दिहाड़ी मजदूरों के बीच गमछा, टोपी एवं टी शर्ट का वितरण किया गया। मौके पर जायंट्स सदस्यों ने गर्मी को देखते हुये दिहाड़ी मजदूरों को भीषण गर्मी से बचने की सलाह दी। कहा कि गर्मी के दिनों में पानी, निम्बू पानी तथा ग्लूकोज पीते रहें। साथ ही पानी साथ में रखें ताकि जब भी प्यास लगे पानी पीते रहें। मौके पर ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, जायन्ट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, मनोज केशरी, गढ़वा ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, वित्त निदेशक अशोक केशरी, ध्रुव केशरी, राकेश केशरी, रवीन्द्र केशरी, चंदन चंद्रवंशी, विजय केशरी, संदीप केशरी आदि उपस्थित थे।

### इस हफ्ते बहाल हो सकती है भागोडीह ग्रिड से बिजली आपूर्ति

**श्री बंशीधर नगर :** गढ़वा जिले के बिजली उपभोक्ताओं के लिये अच्छी खबर है। गर्मी के दस्तक देने के पहले विगत 30 मार्च की रात्रि में आयी तेज आंधी तूफान से लहलहे–भागोडीह 220 केवी ट्रांसमिशन लाईन में आधा दर्जन टॉवरों के धराशायी होने के कारण जिले में हो रही अनियमित बिजली आपूर्ति से जल्द ही निजात मिलने के आसार हैं। जानकारी के अनुसार सारे टॉवर खड़े हो गये हैं। तार खींचे जाने का काम भी जोरों पर है। इस हफ्ते में ट्रायल पूरा कर भागोडीह ग्रिड से बिजली आपूर्ति चालू किये जाने की संभावना है। झारखंड बिजली संचरण निगम लिमिटेड के पलामू के एजीएम गोविंद यादव ने बताया कि लहलहे–भागोडीह 220 केवी ट्रांसमिशन लाईन में धराशायी सारे टॉवरों को दुरूस्त कर लिया गया है। तार खींचने का काम तेजी से चल रहा है। उक्त ट्रांसमिशन लाईन को 4 मई तक चालू किये जाने का अपेक्षित समय निर्धारित है। तकनीकी गड़बड़ी होने पर आपूर्ति चालू होने में एक–दो दिन आगे पीछे हो सकता है।

### 48 घंटे के अंदर पकड़े गये संतोष गुप्ता पर गोली चालन के दो आरोपी

**छतरपुर :** पुलिस ने व्यवसायी संतोष गुप्ता पर गोली चालन की घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस को यह सफलता 48 घंटे के अंदर त्वरित कार्रवाई मे मिली है। इस संबंध में छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि खातिर मध्य विद्यालय में गेट के पास 29 अप्रैल की रात 9 बजे संतोष प्रसाद (50) पिता स्व गनौरी साव को अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था। संतोष प्रसाद के पुत्र विकास कुमार के आवेदन के आधार पर 30 अप्रैल को छतरपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। छतरपुर के भव फैक्ट्री के पास निवासी आशुतोष कुमार सिंह उर्फ बूटा (20) पिता परमदेव सिंह व बिहार के सासाराम मॉडल थाना निवासी रौशन सिंह (24) पिता बलराम सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। वहीं घटना में शामिल एक अन्य अपराधी की गिरफ्तारी के लिये पुलिस छापामारी कर रही है।

## थाने के बगल में रहने वाले व्यवसाई भी अब सुरक्षित नहीं: आनंद

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में इनदिनों आपराधिक घटनाओं में वृद्धि हुई है। अपराधी बेलगाम है और दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं। व्यवसायी तो थाना के नजदीक भी व्यवसाय करने में अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण छतरपुर में संतोष गुप्ता पर गोली चालन की घटना है। उक्त बातें पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आनंद शंकर ने कही। श्री शंकर ने कहा कि



व्यवसायियों की हत्या एवं बढ़ रहे गोली चालन की घटना व्यवसायियों को भयभीत करने व पैसा भयादोहन के लिए किया जा रहा है। श्री शंकर ने संतोष गुप्ता पर गोली चालन घटना की निंदा करते हुए कहा कि इन दिनों हरिहरगंज एवं छतरपुर में व्यवसायियों पर हत्या और गोली चालन की घटना आम होते जा रही है और प्रशासन मौन है। उन्होंने कहा अगर यही स्थिति बनी रही और अपराध नहीं रुका तो मैं 15 तारीख के बाद स्वयं एवं फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर की टीम को लेकर हरिहरगंज एवं छतरपुर जाऊंगा और सभी व्यवसाईयों से मिलकर उन्हें अपने-अपने दुकानों को बंद करते हुए उसकी चाबी पलामू उपायुक्त को सौंपेंगे।

## हरी झंडी दिखाकर जस्टिस ऑन ह्वील न्याय रथ कार्यक्रम का उद्घाटन, पीडीजे ने कहा

# सुदूरवर्ती लोगों को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** सुदूरवर्ती क्षेत्र के लोगों को कानून के प्रति जागरूकता लाना ही चलंत लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने झालसा के निदेर्शानुसार जस्टिस ऑन ह्वील न्याय रथ कार्यक्रम का उदघाटन हरी झंडी दिखाकर किया। विदित हो कि न्याय रथ चलन्त लोक अदालत का



आयोजन पलामू जिले में एक मई से 31 मई 2024 तक निर्धारित किया गया है। न्याय रथ रवाना करते हुये पीडीजे ने कहा कि आमलोग न्याय रथ के माध्यम से भी आवेदन देकर अपनी समस्या जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने बताया कि न्याय रथ के माध्यम से पलामू में एक मई से 31 मई तक विभिन्न प्रखंडो में घूम घूम कर जनता के छोटी मोटी कानूनी समस्या का निवारण किया जायेगा। इस दौरान जागरूकता सम्बंधित पम्पलेट का भी वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चलंत वाहन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, पीएलभी के अलावा एनजीओ से जुड़े लोग रहेंगे। उस मौके पर डीजे अभिमन्यु कुमार, प्रेम नाथ पाण्डेय, शंकर महाराज, स्वेता ढींगरा, ऐसा खान, सीजेएम आनंद सिंह, सन्दीप निशित बारा, शिखा अग्रवाल, अमित गुप्ता, निशिकांत, परमानंद उपाध्याय, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक गुप्ता, अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, महासचिव अजय कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, पीएलभी मुनेश्वर राम, सुचिता एक्का, नई दिशाएं के सचिव इंदु लेखा भगत, अधिवक्ता संजय कुमार पांडेय, प्रकाश रंजन समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### राष्ट्र निर्माण में मजदूरों का है महत्वपूर्ण योगदान : अविनाश देव



**मेदिनीनगर :** मजदूर दिवस पर पड़वा प्रखंड के कजरी स्थित संत मरियम स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने बस के चालक, सह चालक, भवन निर्माण सहित स्कूल के विभिन्न कार्यों में लगे श्रमिकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सबसे पुराने और स्कूल के दमदार सिपाही को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। अविनाश देव ने कहा कि राष्ट्र की उन्नति में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। दैनिक दिनचर्या से लेकर सभी वस्तुओं के निर्माण में संलग्न सभी श्रमिक राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा रहे हैं। निश्चित रूप से उनका त्याग समर्पण और मेहनत ही देश को समृद्धि की ओर अग्रसारित कर रहा है। उन्होंने कहा कि केवल किसी विशेष दिन हम इनका सम्मान न करें बल्कि दैनिक दिनचर्या में भी उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा कर और अच्छे व्यवहार से हम इनका सम्मान कर सकते हैं।



# डीएलएसए की ओर से श्रमिक जागरूकता शिविर आयोजित

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार पीडीजे सह डीएलएसए के अध्यक्ष राजेश शरण सिंह के आदेश के आलोक में डीएलएसए सचिव रवि चौधरी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान चिरौजिया में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के सशक्तिकरण विषयक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डीएलएसए सचिव रवि चौधरी व अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया। उस मौके पर श्री चौधरी ने श्रमिकों के अधिकार एवं उनकी सुरक्षा के लिये बने कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने श्रमिकों को आश्वस्त किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए) गढ़वा श्रमिकों के हक अधिकार व न्याय के लिये हमेशा तत्पर है। उन्होंने लोगों से श्रमिकों के अधिकारों और उनके सुरक्षा कानूनों को सभी अपने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तक पहुंचाने का आग्रह किया। इसके अतिरिक्त गढ़वा जिले के प्रत्येक प्रखंड में कार्यरत पीएलवी की ओर से भी श्रमिक जागरूकता अभियान चलाया गया। शिविर में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक इंदूभूषण लाल एवं संस्थान के सभी कर्मी, एलएडीसी गढ़वा के सुधीर कुमार, पीएलवी मुरलीश्याम तिवारी, कृष्णानंद दूबे, संगीता सिन्हा, उमाशंकर दूबे समेत बड़ी संख्या में श्रमिक भी उपस्थित थे।

**न्यूज अपडेट्स**

### पीएम नरेंद्र मोदी के जनसभा की तैयारी जोरों पर

**मेदिनीनगर :** लोकसभा चुनाव प्रचार के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 मई को पलामू पहुंचेंगे। वे पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित चियांकी हवाई अड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इधर पीएम के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भाजपा के पदाधिकारी जोर-शोर से लगे हुये हैं। इधर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर रखी है। कार्यक्रम को लेकर सभा स्थल पर बड़े-बड़े तीन पंडाल बनाये जा रहे हैं। पंडाल बनाने का कार्य बाहर के कारीगर कर रहे हैं और यह कार्य दिन-रात लगातार चल रहा है। पंडाल में सुरक्षा व्यवस्था के तहत हर वर्ग के लोगों के लिये अलग-अलग व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पंडाल में वीआईपी, वीवीआईपी, प्रेस गैलरी, महिला दीर्घा आदि का भी निर्माण कार्य किया जा रहा है।

**चुनाव** ▶ झामुमो के बूथ व पंचायत प्रभारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर गुरूवार को झामुमो के बूथ एवं पंचायत प्रभारियों की जिला कमेटी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में डंडा, रमकंडा एवं चिनियां के बूथ प्रभारियों एवं पंचायत प्रभारियों को लोकसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को प्रत्येक बूथ से अधिक से अधिक वोट दिलाकर भारी मतों से विजयी बनाने के लिये प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही बूथ एवं पंचायत कमेटी को प्रत्येक गांव एवं पंचायत में डोर टू डोर कैंपेनिंग करने, मतदाताओं को जागरूक करने, बूथ कमेटी के लोगों का चुनाव करने आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं ने महागठबंधन प्रत्याशी को जीताने का संकल्प लिया। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि भाजपा दिन प्रतिदिन अंदर से खोखला होती जा रही है। गत लोकसभा चुनाव में 303 सीट पर सांसद विजयी हुये थे। परंतु आज की तिथि में भाजपा के पास सिर्फ 292 सांसद बचे हैं। शेष सभी उपचुनाव हारते गये। भाजपा का ग्राफ पूरे देश में गिर रहा है। इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा मात्र 430 सीट पर चुनाव लड़ रही है और नारा दे रही है कि 400 के पार सीट जीतेंगे, यह बिल्कुल हास्यास्पद है। यह नारा विपक्षियों का मनोबल गिराने एवं अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिये है। परंतु भाजपा को इस बार पिछले चुनाव से भी काफी कम सीट मिलने वाला है। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि भाजपा झूठ का पुलिंदा है। सिर्फ जुम्लेबाजी पर ही भाजपा की सरकार चल रही है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने कहा कि झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता काफी मजबूत स्तंभ हैं। हमारे जितने भी बूथ प्रभारी एवं अन्य सभी पदाधिकारी हैं। वे अपने-अपने क्षेत्र में मजबूती के साथ संकल्पित होकर भाजपा की ठगनीति एवं जुमलेबाजी से जनता को अवगत करायें। इस बार भाजपा का नैया पार नहीं होने वाला है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के जिला सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, केंद्रीय समिति सदस्य राजकिशोर यादव, शरीफ अंसारी, रकमंडा प्रखंड अध्यक्ष दिनेश प्रसाद गुप्ता, चिनियां प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, डंडा प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर चौधरी सहित तीनों प्रखंडों के पंचायत प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।





## अस्पताल कर्मियों को मतदान करने को लेकर दिलाई गई शपथ

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत अनुमंडल अस्पताल परिसर में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गुरुवार को अस्पताल कर्मियों को निर्भिक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। अस्पताल के एमटीएस विजय पाठक ने कर्मियों को शपथ दिलाया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी कर्मियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना है। मौके पर अनुमंडल अस्पताल के प्रधान सहायक राजेश कुमार सिन्हा, प्रखंड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, लैब टेक लेक्निशियन राहुल कुमार पांडेय, गरिमा तिर्की, नागेश्वर प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, एमपीडब्ल्यू अजय कुमार, संतोष कुमार, शशि कुमार, विपेश कुमार तमांग सहित अन्य उपस्थित थे।



## पहले दिन तीन मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से घर पर ही किया मतदान

**बंशीधर न्यूज**

**श्री बंशीधर नगर :** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में होने वाले मतदान की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत कुंबाखुर्द व जमुआ गांव के 85 वर्ष से ऊपर के तीन वरिष्ठ मतदाताओं ने पोस्टल बैलट के माध्यम से अपने घर पर ही अपना वोट डाला। उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग की ओर से इस बार लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता जो मतदान केंद्र जाने में असमर्थ हैं वैसे मतदाताओं को घर पर ही पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा की गई है। पोस्टल बैलेट से पहले दिन घर पर जमुआ गांव के बचिया देवी पति बलराम राम तथा कुंबा खुर्द गांव के खरियाहा टोला की कालो देवी पति सुखी सिंह व अकरा टोला की समुंद्री देवी पति जगत उरांव ने अपना वोट डाला। मतदान कराने के लिये प्रथम मतदान अधिकारी सुरेश राम, द्वितीय मतदान अधिकारी चंद्रदेव चंद्रवंशी व माईक्रो ऑब्जर्वर विनीत कंडुलन प्रतिनियुक्ति थे। वहीं सेक्टर पदाधिकारी रवि कुमार व बीएलओ सुपरवाईजर रणधीर कुमार, पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार केसरी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे।



## विषाक्त भोजन करने से एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर, इलाज से राहत



**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के अलकर गांव में बुधवार की सुबह विषाक्त भोजन करने से एक ही परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से बीमार हो गये। स्थिति बिगड़ने के बाद तीनों लोगों को इलाज के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद चिकित्सकों ने सभी की स्थिति खतरे से बाहर बताया है। बीमार होने वालों में स्व सुरेंद्र सिंह की पत्नी सुनीता देवी, पुत्र चंदन सिंह एवं पतोहु गायत्री देवी के नाम शामिल हैं। इसकी जानकारी देते हुये सुनीता देवी ने बताया की सुबह में उसकी पुत्री अर्चना कुमारी बैगन आलू की सब्जी और चावल बनाई थी। खाना खाने के दौरान सब्जी में अलग अलग स्वाद आने लगा। उसने बताया की वह अपनी पुत्री से पूछा भी कि सब्जी में कुछ मिलाया है, लेकिन उसकी पुत्री ने कोई जवाब नहीं दिया। उसने बताया की हम और मेरा बेटा तो सब्जी ज्यादा नहीं खाये लेकिन मेरी पतोहु पूरा सब्जी खा ली। खाने के बाद पतोहु बेहोश होने लगी और हमको और बेटा को भी नशा लगने लगा। जिसके बाद हम लोग आनन फानन में अस्पताल पहुंचे।

## झामुमो नेता छोटे राजा ने किया सरेंडर, मिली बेल



**श्री बंशीधर नगर :** जेएमएम नेता पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने बुधवार को अनुमंडल न्यायालय नगर ऊंटारी में एसीजेएम अरविंद कच्छप की अदालत में सरेंडर किया। पूर्व विधायक की ओर से पैरवी कर रहे गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सह जिले के पूर्व पीपी गौतम कृष्ण सिन्हा उर्फ बुल्लू राजा ने न्यायालय से बेल देने का अनुरोध किया। कोर्ट ने अनुरोध को स्वीकार करते हुये उन्हें दस दस हजार के दो मुचलकों पर बेल दिया। उल्लेखनीय है कि विगत माह धुरकी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी की लिखित शिकायत के आलोक में झामुमो नेताओं पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी के साथ साथ उनके कई अन्य अज्ञात समर्थकों के विरुद्ध धुरकी थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। उपरोक्त लोगों पर आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू रहने के दौरान वन परिसर में स्थित सरकारी डाकबंगला में बगैर अनुमति के उलगुलान महारैली से संबंधित बैठक करने का आरोप है। उपरोक्त मामले में अदालत में सरेंडर करने के बाद कोर्ट से पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव को बेल मिल गई है।

### समरसेबल की चोरी में शामिल था नाबालिग, चार गिरफ्तार

# चोरी के नौ समरसेबल मोटर भी बरामद

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** जिले के मेराल पुलिस ने समरसेबल चोरी के मामले में एक नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी के नौ समरसेबल मोटर भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रमना थाना क्षेत्र के हारादाग गांव निवासी विकास चौधरी, सुनील चौधरी और मेराल थाना क्षेत्र के लखेया गांव निवासी बिट्टू कुमार रजक के नाम शामिल हैं। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने चोरी के नौ समरसेबल मोटर भी बरामद किया गया है। उक्त जानकारी एसडीपीओ नीरज कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दी। एसडीपीओ ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मेराल, रमना और डंडई थाना क्षेत्र में समरसेबल चोरी की सूचना प्राप्त हो रही थी। इसके आलोक में पुलिस ने नेनुआ में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान एक स्पलेंडर पर सवार तीन लोगों को पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में देखा। जिन्होंने पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की और उन्हें चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तार चोरों ने बताया कि वे मेराल, डंडई और रमना में समरसेबल की चोरी करने के बाद बेच दिया करते थे। इस घटना में समरसेबल मोटर, एक इनवर्टर और एक स्टेबलाईजर की चोरी की है। एसडीपीओ ने कहा कि गिरोह के अन्य सदस्यों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जायेगा। प्रेसवार्ता में मेराल थाना प्रभारी विष्णुकांत, पुलिस अवर निरीक्षक अरुण कुमार रवानी, दीपक पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।








# फिर स्थिर केन्द्र सरकार दें : केशव प्रसाद मौर्य

**गिरिडीह।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि झारखंड में एनडीए 14 की 14 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। ऐसे ही उत्तर प्रदेश में भी 80 की 80 सीट नरेन्द्र मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे।

केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को कोडरमा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा सीट से उम्मीदवार दिलीप कुमार वर्मा के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है। मौर्य ने कहा कि मोदी ओबीसी वर्ग से आते हैं और उन्होंने 10 साल देश की खूब सेवा की है। उन्होंने वर्ष 2019 के चुनाव में भाजपा ने कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, अयोध्या में राम मंदिर बनने का वादा किया था, उसे मोदी सरकार ने पूरा कर दिया। अब बारी जनता की है। इसके लिए नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने 60 वर्ष में देश को बर्बाद करने और लूटने का काम किया है।सबका साथ और सब का विकास करने का काम सिर्फ नरेन्द मोदी ने किया।



विपक्ष के पास न नेता है, न नीति है, न मुद्दा है। विपक्ष सिर्फ मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करती है। वह भी इसलिए करती है क्योंकि मोदी गरीब घर से आते हैं, चायवाला के बेटा हैं। केशव ने कहा कि मोदी 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने में लगे हैं इसके लिए सभी का साथ जरूरी है। उन्होंने कहा इस बार लोकसभा चुनाव में झारखंड से सभी 14 सीटें और देश में चार सौ अधिक सीटें लाकर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जनता आतुर है। मौर्य ने कहा कि जिन्हें देश के संविधान की जानकारी नहीं, वो चले हैं संविधान बचाने। उन्होंने कहा कि 56 इंच की छाती वाले प्रधानमंत्री ने जो कर दिखाया, उसे करने वाला इंडी गठबंधन में कोई नेता नहीं हैं। मौर्य ने कहा कि 56 इंच की छाती होनी चाहिए, देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए। गुरुवार को भाजपा के दो दिग्गज उम्मीदवार कोडरमा लोकसभा सीट से अन्नपूर्णा देवी और गांडेय विधानसभा सीट से दिलीप कुमार वर्मा ने पर्चा दाखिल किया।

## अन्नपूर्णा देवी व दिलीप वर्मा ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया

**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा सीट के लिए भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा के जिला निर्वाचन अधिकारी सह डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के समक्ष तीन सेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव, जमुआ विधायक केदार



हाजरा, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा नेता मुकेश जालान, संदीप डंगाईच समेत कई भाजपा नेता दोनों प्रत्याशियों के साथ मौजूद थे वहीं गांडेय विधानसभा उपचुनाव को लेकर को भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा ने गुरुवार को पर्चा दाखिल किया। उन्होंने समाहरणालय



जाकर निवार्ची पदाधिकारी गुलाम समदानी को अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ कोडरमा लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत भाजपा के तमाम बड़े नेता मौजूद थे।

# सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें : पुष्कर सिंह धामी

### संजय सेठ ने रांची लोकसभा सीट से भरा पर्चा

**रांची।** रांची लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार व सांसद संजय सेठ ने गुरुवार को अपना नामांकनपत्र दाखिल कर दिया। रांची में सेठ के समर्थकों पर फूलों की वर्षा की गई। नामांकन से पहले भाजपा नेताओं ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। गुरुवार को नामांकन से पहले मोरहाबादी मैदान में हजारों समर्थक जुटे। यहां से रैली के रूप में भीड़ समाहरणालय पहुंची। रैली के दौरान जेसीबी से उनके समर्थकों पर फूलों की बारिश की गई। संजय सेठ के समर्थन में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी सहित शामिल हुए। नामांकन से पहले रांची के मोरहाबादी में संजय



सेठ के पक्ष में एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि विकसित भारत के लिए, मजबूत नेतृत्व के लिए, भ्रष्टाचार के अंत के लिए और सनातन धर्म के सम्मान के लिए भाजपा को चुनें और 25 मई को भाई संजय सेठ को प्रचंड मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का गैंग तुष्टिकरण का जहर घोल रही है। यह आपका अधिकार छीनकर एक विशेष समुदाय को देना चाहती है। हमें भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की सोच को सत्ता में आने से रोकना है। धामी ने कहा कि केन्द्र में 10 साल के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। मोदी की कई योजनाएं गारंटी के रूप में जनता तक पहुंच रही हैं। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने का सौभाग्य भी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में हुआ। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा विकास के लक्ष्य पर काम कर रही है, दूसरी तरफ घोटालेबाज और भ्रष्टाचारियों की फौज है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि अगर भाजपा नहीं होती, अटल बिहारी वाजपेई नहीं होते तो आज झारखंड राज्य का निर्माण नहीं हुआ होता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण करने वाले दलों की जनक है। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यूसीसी लागू करने की बात करते हैं तो विरोधियों में हड़कंप मच जाता है। हेमंत सरकार पर हमला करते हुए बाउरी ने कहा कि राज्य की जनता ने उन्हें पांच साल का मौका दिया था, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण चार साल में ही उन्हें जेल की हवा खानी पड़ी।

# मतदान के लिए जागरुकता अभियान का बनें हिस्साः के. रवि कुमार

### सोशल मीडिया पर 7 मई को चलेगा मैं भी इलेक्शन एंबेसडर कैम्पेन

**रांची।** लोकतंत्र के महापर्व के रूप में चल रहे लोकसभा चुनाव के लिए लोगों को मतदान करने के लिए प्रशासन विभिन्न स्तर पर जागरुकता अभियान भी चल रहा है। इसी क्रम में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई को अपराह्न 6 बजे से 8 बजे तक मैं भी इलेक्शन एंबेसडर को सोशल मीडिया कैम्पेन चलाया जाएगा। इसमें राज्य के सभी स्कूल व कॉलेज के बच्चे, इंफ्लुएंसर, सेलेब्रिटी समेत सभी लोग अवश्य भाग लेंगे। उक्त विचार गुरुवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी सीबीएसई एवं



आईसीएसई स्कूल के प्रधानाध्यापकों के साथ गूगल मीट के माध्यम से निर्वाचन सदन में आयोजित बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के महापर्व को उत्साहपूर्ण ढंग से मनाने के लिए अपने कार्यों के डिजिटल कंटेंट को सोशल मीडिया पर अवश्य अपलोड करें। उन्होंने कहा कि स्कूल एवं कॉलेजों के बच्चों ने मतदाताओं के बीच मतदान की अहमियत को बताने के लिए स्वीप कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह हमारे फ्यूचर और फर्स्ट टाइम वोटर के रूप में निर्वाचन में अपनी महती भूमिका निभा रहें हैं। बच्चों ने स्कूल एवं कॉलेजों में स्वीप सम्बंधी कई गतिविधियां कराई जा रही हैं। इन बच्चों द्वारा क्विज कंपीटिशन, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन, पत्र लेखन आदि कई रोचक एवं मनोरंजक गतिविधियों द्वारा अपने अभिभावकों, आस-पास के मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि 7 मई को होने वाले सोशल मीडिया कैम्पेन में स्कूल प्रबंधन इन सभी गतिविधियों के डिजिटल कंटेंट को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर #मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हैशटैग के साथ अपलोड करें। साथ ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखण्ड एवं भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया अकाउंट को अवश्य टैग करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं को निर्वाचन के महत्व को बताते हुए उन्हें मतदान में अपनी भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है। इसके साथ साथ मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए भी जागरूक करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। स्कूल के बच्चों को 'मैं भी इलेक्शन अम्बेसडर 'जैसे कार्यक्रमों से जोड़कर लोकतंत्र के एक जागरूक मतदाता के रूप में हम उन्हें तैयार कर सकेगें। साथ ही भविष्य में होने वाले मतदान में उनकी भागीदारी भी निश्चित कर सकेंगे। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार सहित राज्य के सभी सीबीएसई एवं आईसीएसई स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण पर रोक नहीं : के रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 72 करोड़ 37 लाख रुपये के सामान व नकदी जब्त किये गए हैं। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि सरकारी और सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूलों में पाठ्य सामग्री वितरण में आदर्श आचार संहिता बाधक नहीं है, बशर्ते पाठ्य सामग्री पर किसी राजनीतिक व्यक्ति की तस्वीर नहीं हो। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों के सुगम पठन-पाठन के लिए भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश है कि शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्य पुस्तक, नोट बुक, स्कूल बैग, कंप्यूटर लैब की स्थापना, टैब की खरीदारी और उसके वितरण के लिए टेंडर कर खरीदारी करने में कोई बाधा नहीं है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि गाण्डेय विधानसभा उपचुनाव में अब तक सात उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा है। वहीं लोकसभा चुनाव फेज 5 के लिए अब तक कुल 42 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। उनमें चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 20, कोडरमा से 11 और हजारीबाग से 11 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र भरा है। लोकसभा चुनाव फेज 6 के लिए अब तक कुल 26 नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। उनमें गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से पांच, धनबाद से आठ, रांची से छह और जमशेदपुर से सात नामांकन पत्र दाखिल किये गये हैं।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)